दसमेश गर्ल्स कॉलेज मुकेरियां

दसमेश गर्ल्ज़ कॉलेज मुकेरियां नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्त श्री गोविन्द सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट (रजि.) की ओर से वर्ष 2001 में स्थापित, वर्ष 2006 में पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से मान्यता प्राप्त एक ऐसी संस्था है जहां छात्राओं के लिए सुरक्षित वातावरण, शिक्षा, खेल-कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन तथा अन्य शिक्षेतर गतिविधियों की उत्तम व्यवस्था है। यह शिक्षा के मामले में शहर का अग्रणी एवं आमोदपूर्ण महाविद्यालय है जो छात्राओं को सुसंस्कृत बनाने और सभ्य समाज का निर्माण करने में अपनी सहभागिता के लिए कटिबद्ध है। स्नातक विभाग से शुरू होने वाली इस संस्था में आज कई स्नातक और स्नातकोत्तर विभाग उपलब्ध हैं।

परिश्रमी और दृढ़ प्रतिज्ञ होकर महाविद्यालय प्रबंधकीय कमेटी और आदरणीय प्राचार्या शानदार नीतियों से महाविद्यालय की कीर्ति को आकाश की ऊंचाईयों तक पहुंचाने में संलग्न है।

अध्यक्ष **प्राचार्या**

त्रिवेणी कला संगम, जयपुर

भारतीय संगीत, नृत्य एवं अन्य कलाओं की मौलिकता को बनाये रखते हुए इनकी चहुंमुखी प्रगति के उद्देश्य से वर्ष 1995 की गणेश चतुर्थी के दिन डॉ. कैलाशचन्द्र शर्मा एवं श्रीमती रेनूरानी शर्मा द्वारा त्रिवेणी कला संगम , जयपुर की स्थापना की गई। 18 सितम्बर 1995 को सहकारी समितियां, राजस्थान सरकार द्वारा पंजीयन क्रमांक 285 /95 के द्वारा त्रिवेणी कला संगम , जयपुर संस्था एक सोसाईटी के रूप में पंजीकृत हुई।वर्ष 1996 में संस्था को अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल , मुंबई द्वारा मान्यता प्रदान की गई तथा। उत्तरोत्तर गति से प्रगति-पथ पर अग्रसर होते हुए वर्ष 1998 से संस्था को मंडल की अलंकार तक की परीक्षाओं का केंद्र मिला। 18 अगस्त 1997 को राजस्थान संगीत नाटक अकादमी से मान्यता मिली. 19 सितम्बर 2001 को इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ से मान्यता लेकर 'त्रिवेणी संगीत महाविद्यालय' के नाम से राज्य के प्रथम संगीत महाविद्यालय का शुभारम्भ किया गया।संस्था द्वारा साहित्य, संगीत, नाटक एवं नृत्यकला में सैंकडों विद्यार्थियों को शिक्षण-प्रशिक्षण एवं प्रस्तुतीकरण का अवसर प्रदान कर अनेक नवोदित कलाकारों को आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहन दिया गया।

संस्था की कार्यकारिणी समिति के सदस्यगण : श्रीमती रेनूरानी शर्मा (अध्यक्ष), सुश्री रेणुका इसरानी (उपाध्यक्ष), डॉ. कैलाशचन्द्र शर्मा (सचिव), श्रीमती पद्मश्री कदम (संयुक्त सचिव), श्री अभिषेक शर्मा (कोषाध्यक्ष), श्री विजय कदम (सांस्कृतिक सचिव), श्रीमती अर्चना जोगलेकर , डॉ. काजल शर्मा , श्रीमती चेतना शर्मा , सुश्री सूफी सैय्यद , श्रीमती कामिनी रंगनाथन , श्री हेमन्त कुमार श्रीमती निशी सिंह, श्रीमती बरखा महेश, डॉ. रीना कुमारी, डॉ. सपना देवी, डॉ. नीलम शर्मा, श्री वैभव माथुर, श्रीमती सुमन निंबावत.

सचिव

संयुक्त सचिव

कोषाध्यक्ष

सांस्कृतिक सचिव

डॉ. कैलाश चन्द्र शर्मा का साहित्य –सृजन

सम्पादक
डॉ. रीना कुमारी

प्रकाशक :
त्रिवेणी कला संगम, जयपुर
2019